मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः26.05.2026

वाहन दिलाने के नाम पर ठगी की धनराशि ₹ 2,25,000/- को थाना चुनार साइबर सेल टीम द्वारा पीड़ित के खाते में कराया गया वापस—

आवेदक सिद्वनाथ यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी पिरल्लीपुर थाना चुनार मीरजापुर ने दिनांक 21.04.26 को आनलाइन फ्राड सूचना NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या 33104260087626 प्राप्त हुआ था तथा आवेदक द्वारा बताया गया कि वाहन दिलाने के नाम पर मोबाइल से 2,25,000 रुपया ट्रान्सफर करा लिया गया था। फ्राड का पता चलते ही मेरे द्वारा साइबर कम्प्लेन कराया गया इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना को0 चुनार टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक आपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में साइबर सेल थाना चुनार द्वारा जांच के दौरान आवेदक द्वारा ट्रान्सफर किये कुल धनराशि 2,25,000/-रुपया होल्ड कराते हुए माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम मे आवेदक के खाते में कुल धनराशि 2,25,000/- रुपये वापस कराया गया। आवेदक के खाते में पैसा वापस आने पर साइबर सेल थाना चुनार की आवेदक द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

साइबर सेल टीम थाना चुनार मीरजापुर

प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह, हे0का0 विनय यादव, का0 अरमान अली थाना चुनार मीरजापुर।

****